भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

ई–न्यूजलैटर

दिसम्बर, 2020



हैडर संबंधी जानकारी के बारे में पोर्टल

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने हाल ही में एक 'हेडर इन्फॉर्मेशन पोर्टल' स्थापित किया है जो लोगों को उस कंपनी के बारे में सक्षम बनाएगा जो किसी भी हेडर का उपयोग करके उन्हें वाणिज्यिक संदेश भेज रही है। यह पोर्टल पिछले सप्ताह सक्रिय हो गया था, जब भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने वाणिज्यिक संप्रेषण भेजने के लिए एसएमएस हेडरों की एक सूची संकलित की थी ।

टीसीसीसीपीआर, 2018 में लघु संदेश सेवा (एसएमएस) के माध्यम से वाणिज्यिक संम्प्रेषण भेजने के लिए व्यापारिक अथवा कानूनी संस्थाओं को 'अल्फा–न्यूमेरिक' हेडर प्रदान करने का उपबंध है। सब्सक्राइबरों को संदेश भेजते समय स्वयं की पहचान प्रकट करने के लिए किसी टीएसपी द्वारा कंपनी को हेडर प्रदान किया जाता है।

हेडर से पूर्व दो 'अल्फा– केरेक्टर लगाए जाते हैं जिन्हें हैडर से हॉयफन द्वारा अलग किया जाता है, जिसका उपयोग प्रारंभिक पहुंच प्रदाताओं (ओएपी) को खोजने के लिए किया जाता है। जनसाधारण, अपनी बुनियादी जानकारी उपलब्ध करवाकर पोर्टल में लॉग–ऑन कर सकते हैं जिसके लिए उन्हें कंपनी के अल्फा–न्यूमेरिक हेडर को डालने की आवश्यकता है।

पोर्टल मूल कंपनी सहित, पता, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं की सूची और लाइसेंस सेवा क्षेत्रों का ब्योरा, जहां प्रदान किए गए हैडर का उपयोग करके कंपनी वाणिज्यिक सम्प्रेषण भेजने के लिए प्राधिकृत है, सहित हेडर से संबंधित जानकारी दिखाएगा। सार्वजनिक पहुंच के लिए खुले नए पोर्टल से पृथक वाणिज्यिक हेडर के स्वामित्व के संबंध में डोमेन पर अधिक पारदर्शिता लाएगा ।

अधिक जानकारी के लिए/ बार– बार पूछे जाने वाले प्रश्नों तक निम्नवत लिंक द्वारा पहुंच बनाई जा सकती है

https://smsheader.trai.gov.in/

1. वेबिनार

1.1 दिनांक 26 नवम्बर, 2020 को भादूविप्रा ने ''साइबर सुरक्षा'' पर एक वेबिनार का आयोजन किया

दिनांक 26 नवम्बर, 2020 को भादूविप्रा ने ऑनलाइन मीटिंग प्लेटफार्म के माध्यम से ''साइबर सुरक्षा'' पर एक वेबिनार का आयोजन किया।

इस वेबिनार का उद्‌घाटन गुजरात राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, गांधीनगर के निदेशक, प्रो0 (डॉ) एस0 शांताकुमार द्वारा किया गया जो इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, नई दिल्ली के सलाहकार, श्री संजीव बंजाई इस वेबिनार के विशेष अतिथि थे। सत्र का प्रारंभ, आर.ओ. जयपुर के सलाहकार, श्री विनोद गुप्ता द्वारा स्वागत भाषण से हुआ, जिसके पश्चात् मुख्य अतिथि द्वारा भाषण दिया गया।

वेबिनार में मुंबई से साइबर सुरक्षा जोखिम प्रबंधन और जागरूकता के विशेषज्ञ श्री अरुण रामाकृष्णन, अधिवक्ता तथा साइबर विधि परामर्शदाता, श्री निशिथ दीक्षित तथा साइबर अपराध परामर्शदाता तथा सूचना सुरक्षा पेशेवर, और साइबररोपस इन्फोसेक के संस्थापक तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री मुकेश चौधरी द्वारा प्रस्तुतियां दी गई।

वेबिनार में अनेक शिक्षा संस्थानों अर्थात् एमएनआईटी, बिट्स पिलानी, एनएलयू आदि से संकाय सदस्यों, शोध विद्वानों तथा छात्रों तथा नागरिकों, प्रबंधन संगठनों, वाणिज्यिक तथा उद्योग संघों, उपभोक्ता पक्षसमर्थक समूहों (सीएजी) और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं, विभिन्न उपभोक्ता संघों से सदस्यगणों तथा सरकारी तथा निजी क्षेत्रों से कर्मचारियों ने भाग लिया और वेबिनार के दौरान रूचिकर चर्चा/ बातचीत से लाभान्वित हुए।

Newsletter

2. अन्य जानकारी

2.1 दिनांक 31 अक्तूबर, 2020 की स्थिति के अनुसार दूरसंचार सब्सक्रिप्शन के आंकडे

ब्योरा	वॉयरलेस	वॉयरलाइन	कुल (वॉयरलेस + वॉयरलाइन)
शहरी क्षेत्रों में दूरसंचार सब्सक्राइबर (मिलियन में)	629.28	18.07	647.36
ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार सब्सक्राइबर (मिलियन में)	522.42	1.92	524.44
कुल दूरसंचार सब्सक्राइबर (मिलियन में)	1151.81	19.99	1171.80
समग्र दूरसंचार घनत्व (प्रतिशत में)	84.90	1.47	86.38
शहरी सब्सक्रिप्शन की हिस्सेदारी (प्रतिशत में)	54.63 प्रतिशत	90.41 प्रतिशत	55.24 प्रतिशत
ग्रामीण सब्सक्रिप्शन की हिस्सेदारी (प्रतिशत में)	45.37 प्रतिशत	9.59 प्रतिशत	44.76 प्रतिशत
ब्रॉडबैंड सब्सक्राइबरों की संख्या (मिलियन में)	713.32	21.51	734.82

अक्तूबर, 2020 में व्यस्ततम वीआरएल की तिथि पर सक्रिय वॉयरलेस सब्सक्राइबरों की संख्या 960.91 मिलियन रही।

अक्तूबर, 2020 के माह में मोबाइल नम्बर पोर्टिबिलिटी के लिए 8.80 मिलियन अनुरोध किए गए। सितम्बर, 2020 के अंत तक, कुल 529..60 मिलियन उपभोक्ताओं ने मोबाइल नम्बर पोर्टिबिलिटी की सुविधा आरंभ होने से लेकर अब तक इसका लाभ उठाया है।

2.2 दिनांक 18 नवम्बर, 2020 की स्थिति के अनुसार डिजिटल एड्रेसेबल प्रणालियां (डीएएस) की लेखापरीक्षा करने के लिए लेखापरीक्षकों का पेनल (अद्यतन सूची) जारी किया है।

3. घटनाक्रम

3.1 नवम्बर, 2020 के माह के दौरान ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से निम्नवत उपभोक्ता पहुंच कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

क्रम संख्या	स्थान	तिथि
1	उत्तर पूर्व	05 नवम्बर, 2020
2	पंजाब	06 नवम्बर, 2020
3	तमिलनाडु	06 नवम्बर, 2020
4	कर्नाटक	20 नवम्बर, 2020
5	कर्नाटक	25 नवम्बर, 2020
6	छत्तीसगढ़	27 नवम्बर, 2020

फोटो गैलरी



दिनांक 05 नवम्बर, 2020 को उत्तर पूर्व में उपभोक्ता पहुंच कार्यक्रम आयोजित किया गया



दिनांक 06 नवम्बर, 2020 को पंजाब में उपभोक्ता पहुंच कार्यक्रम आयोजित किया गया



दिनांक 06 नवम्बर, 2020 को तमिलनाडु में उपभोक्ता पहुंच कार्यक्रम आयोजित किया गया

दिनांक 27 नवम्बर, 2020 को छत्तीसगढ़ में उपभोक्ता पहुंच कार्यक्रम आयोजित किया गया

इस न्यूजलैटर में उल्लिखित निदेशों/ आदेशों, परामर्श पत्रों/ रिपोर्टों, सब्सक्रिप्शन संबंधी आंकड़ों आदि का पूर्ण ब्योरा भारतीय दूरसंचार विनियामक आयोग की वेबसाइट ***www.trai.gov.in*** पर उपलब्ध है।

महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, (पुराना मिन्टो रोड), नई दिल्ली– 10002

हम फेसबुक पर भी मौजूद हैं ! हमसे जुड़िए !

https://www.facebook.com/TRAI/

हम टिव्टर पर भी मौजूद हैं ! हमसे जुड़िए !

TRAI@TRAI